Regarding setting up of an AIIMS or AIIMS like institute in Karakat Parliamentary Constituency-laid

श्री महाबली सिंह (काराकाट): मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र काराकाट में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान या इसी कर तर्ज पर अस्पताल खोलने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र काराकाट में आधुनिक अस्पताल की सुविधा नहीं होने के कारण क्षेत्र वासियों को रोग निदान, शारीरिक जांच की आधुनिक मशीनों, उपकरणों तथा तकनीकी के अभावा में गंभीर रोग का निदान नहीं हो पाता जिस कारण पीड़ीत रोगी महीलाओं बच्चों तथा बुजुर्गों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आधुनिक सुविधा वाले अस्पताल मेरे निर्वाचन क्षेत्र से काफी दूर बड़े शहरों में स्थित है कभी-कभी अस्पताल तक पहुंचने से पहले ही रोगी की मृत्यु हो जाती है। इस संबंध में मैं कई बार सरकार का ध्यान मौखिक तथा पत्रों द्वारा भी अवगत कराया है। लेकिन इस विषय में अभी तक किसी तरह की सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। मैं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र काराकाट में शीघ्रतीशीघ्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान या इसी की तर्ज पर अस्पताल खोला जाए।